EDII

Rajasthan Patrika

June 11, 2022
Page No. 02
Ahmedabad Edition

उद्यमिता को कॅरियर विकल्प के रूप में बढ़ावा देने की जरूरत: पटेल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उद्यमिता को स्वाभाविक करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। देश अपने विकास में उद्यमी के महत्व को समझता है। उसका समर्थन करता है। आज उद्यमिता के अनुकूल नीतियां और संपूर्ण रूप से सहायक वातावरण भी मौजूद है।

उन्होंने यह बात भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के 21वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल आनंदीबेन ने कहा कि लखनऊ के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में वे युवाओं को नवाचारों, उद्यमिता और स्टार्ट-अप के महत्व से परिचित कराने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने ईडीआईआई के पाठ्क्रम और शिक्षापद्धति की तारीफ करते हुए कहा कि संस्थान के 78 प्रतिशत पूर्व छात्र व्यवसाय में हैं।

दीक्षांत समारोह में संस्थान के 147 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और फेलो से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त छात्रों को शैक्षिक पदक से भी सम्मानित किया। ईडीआईआई के प्रेसिडेंट और आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश शर्मा ने कहा कि ईडीआईआई के छात्रों ने कपड़ा, सिरेमिक, आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, रसद, रसायन, आतिथ्य और कई अन्य विविध उभरते क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है।

अनुकूल नीतियां

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि देश को ऐसे प्रशिक्षित उद्यमियों की आवश्यकता है जो आने वाले क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक नए उद्यम निर्माण को आगे बढ़ाने के इच्छुक हों। आज की नीतियां और परिवेश उद्यमिता के लिहाज से काफी अनुकूल हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक उपस्थित रहे।